गिरफ्तारी | वनकर्मियों के गश्ती दल पर किया था हमला

# टाइगर रिजर्व के दो ईनामी हमलावर गिरफ्तार



**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले की सीमा से लगे वीरांगना रानी दुगरवती टाइगर रिजर्व में बीती 3 फरवरी को गश्ती दल पर हमला करने वाले फरार आरोपियों की तलाश में सुआतला पुलिस पिछले दो दिन से लगातार जगह-जगह छापामारी कर रही है। रविवार को सूत्र दावा कर रहे हैं कि मुख्य समेत दो ईनामी आरोपी भी पकड़ में आ गए हैं। हालांकि इस बारे में पुलिस कुछ नहीं कह रही है। हां, थाना प्रभारी निरीक्षक प्रियंका केवट ने ये जरूर कहा कि, जिन बंदूकों से गश्ती दल पर गोलियां चलाई गई थीं, उनके बारे में पता चल गया है। जल्द ही बंदूकों के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं वन विभाग ने राजा उर्फ राजेंद्र लोधी व सेवक गौंड को हिरासत में लेने की पुष्टि की है। कहा जा रहा है कि इनसे पूछताछ की जा रही है।


## यह है मामला

तीन फरवरी को वीरांगना रानी दुगरवती टाइगर रिजर्व में गश्ती दल पर अंधाधुंध फायरिंग करने की वारदात सामने आई थी। इसके बाद वनकर्मियों और सुआतला पुलिस ने बड़ी मात्रा में सागौन की अवैध लकड़ियों, औजारों के साथ ही वन्यप्राणियों के सींग की जब्ती की थी। प्रकरण में एफआईआर के बाद छह फरवरी को सुआतला पुलिस ने एक आरोपी अन्नू पटेल निवासी कुम्हरोड़ा को हिरासत में लिया था। पूछताछ में इसने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के नाम भी बताए थे। इसके बाद सात फरवरी को टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने राजा उर्फ राजेंद्र लोधी, सेवाराम गौड़ पर पांच-पांच हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था।

## इनके नाम भी आए सामने

सूत्रों के अनुसार रविवार को पांच हजार रुपए का ईनामी राजा उर्फ राजेंद्र लोधी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इस दौरान सामने आए वीडियो (भास्कर पुष्टि नहीं करता) में वह वारदात में शामिल छह अन्य लोगों के नाम लेता दिख रहा है। उसके अनुसार वारदात में अनिल, अभिषेक, कैलाश, सेवक व रंजीत आदि लोग शामिल हैं। वहीं घटना के संबंध में सुआतला थाना प्रभारी, निरीक्षक प्रियंका केवट का कहना है कि एक-दो दिन में सारे आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मुख्य आरोपियों की पहचान हो चुकी है। उनके द्वारा हमले के लिए जिन बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था, उसकी जब्ती के भी प्रयास हो रहे हैं।

### कठघरे में वन विभाग



जिले में अवैध वन कटाई के मामले तो दर्जनों हैं, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है, जब जिले की सीमा से लगे जंगल में जिले के ही तस्करों ने वनकर्मियों पर अंधाधुंध फायरिंग की हो। सूत्रों के अनुसार जिले के स्थानीय तस्कर लगातार जंगल में कटाई कर बेशकीमती सागौन की नरसिंहपुर जिले के भीतर ही तस्करी कर रहा है। ऐसा हो ही नहीं सकता कि जंगल में बड़े पैमाने पर की जा रही कटाई की जानकारी जिले के वनकर्मियों, अधिकारियों को न हो। जानकार कह रहे हैं कि वर्ष 2024 में पुष्पा फिल्म की तर्ज पर बरांझ नदी में लकड़ियों के लट्ठे बहाकर तस्करी का मामला इसका बड़ा सबूत है। इसके अलावा तेंदूखेड़ा क्षेत्र में ही कई फर्नीचर मार्ट भी अवैध रूप से संचालित हैं। यहां पर टाइगर रिजर्व से ही अवैध सागौन की आपूर्ति होती है। बहरहाल, रविवार को इस संबंध में विस्तृत सूचना टाइगर रिजर्व के डीएफओ रजनीश सिंह के पास भी पहुंची है। उनके अनुसार इस संबंध में गंभीरता से जांच कराई जाएगी। वहीं वनकर्मियों पर हमले में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# सड़कों पर बैंकों की पार्किंग से राहगीरों की जान जोखिम

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के हृदय स्थल में स्थित बैंकों के सामने व्यवस्थित पार्किंग न होने के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विशेष रूप से स्टेट बैंक और यूनियन बैंक के सामने सड़क पर बेतरतीब खड़ी गाड़ियाँ सुचारू आवागमन में बड़ी बाधा बन रही हैं। बैंक आने वाले ग्राहकों के वाहन मुख्य मार्ग के एक बड़े हिस्से को घेर लेते हैं।




जिससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इस अव्यवस्था के कारण प्रतिदिन राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। नगर के अन्य बैंकों के सामने भी कमोवेश यही स्थिति बनी हुई है, जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बैंकों के पास अपना पर्याप्त पार्किंग स्थल नहीं है, जिसके चलते सारा दबाव सार्वजनिक सडक पर आ जाता है। नागरिकों ने नगर प्रशासन और संबंधित बैंक प्रबंधन से मांग की है कि शीघ्र ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सुव्यवस्थित पार्किंग होने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि संभावित सड़क हादसों पर भी लगाम लग सकेगी।

# फूटी पाइप लाइन राहगीरों के लिए बनी दुर्घटना की आशंका

**नवभारत,गोटेगांव।** फुआरा चौक स्थित गोटेगांवङ्क झोतेश्वरङ्क धूमा मार्ग पर नगर पालिका परिषद द्वारा पाइपलाइन सुधार का कार्य किया जा रहा है, जो वर्तमान में स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए बड़ी असुविधा का कारण बन गया है। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त करने के उद्देश्य से पालिका द्वारा कंक्रीट सड़क को तोड़कर लगभग 6 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया है। पूरी शाम चली इस खुदाई के कारण मार्ग का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है, लेकिन विडंबना यह है कि इतनी मशक्कत के बाद भी पाइपलाइन से



होने वाला लीकेज पूरी तरह बंद नहीं हो पाया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क के बीचों-बीच खोदे गए इस गहरे गड्ढे से न केवल दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है, बल्कि कीचड़ और मलबे के कारण पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। नगरवासियों ने प्रशासन के प्रति अपनी अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा है कि सुधार कार्य के नाम पर मजबूत कंक्रीट सड़क को जिस तरह तोड़ा गया है, उसकी मरम्मत भी उसी तकनीकी गुणवत्ता के साथ की जानी चाहिए। लोगों ने मांग की है कि गड्ढे को केवल मिट्टी या मलबे से भरकर खानापूर्ति न की जाए, बल्कि इसे पुनः मजबूती से पैक किया जाए ताकि भविष्य में सड़क धंसने का खतरा न रहे और यातायात सुचारू बना रहे।




# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर आस्था भार्गव ने दी सेवाये

**नवभारत,करेली।** तहसील के ग्राम कोदसा मेरेगांव में डॉक्टर आस्था भार्गव द्वारा आज फिर एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत भवन कोदसा में आयोजित किया गया जिसमें शुगर ब्लड प्रेशर हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न जांच निशुल्क की गई एवं जरूरी दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई इस दौरान सैकड़ो ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य का फ्री चेकअप कराया हम आपको बता दें जिले के वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र भार्गव की सुपुत्री डॉक्टर आस्था भार्गव प्रति रविवार को तहसील के किसी भी ग्रामीण आंचल में निशुल्क स्वास्थ्य सिविर आयोजित करती हैं। उनका मानना है कि ग्रामीण अंचलों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क मिलने से आसानी से वह अपना स्वास्थ्य चेकअप करा लेते हैं।

# खुशी नगर का हुआ नामकरण, गणमान्य जनों की रही उपस्थिति

**नवभारत,नरसिंहपुर।** शहर के मुशरान वार्ड अंतर्गत नया बस स्टैंड के पीछे स्थित नवनिर्मित कॉलोनी का भव्य नामकरण समारोह खुशी नगर के रूप में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। माँ नर्मदा की कृपा और कॉलोनी वासियों के उत्साह के बीच आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में राजनीति और समाजसेवा जगत की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की।




समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री मान. जालम सिंह पटेल उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष रामसनेही पाठक, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी, समाजसेवी इंजी. सुनील कोठारी एवं कृष्णा वार्ड के पार्षद राजेश माखीजा (बल्ला भैया) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने कॉलोनी के नामकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे एकता और आपसी सद्भाव का प्रतीक बताया। भक्ति और उल्लास का वातावरण दोपहर 1 बजे आयोजित नामकरण संस्कार के दौरान वैदिक रीति-रिवाज और उत्साह के साथ कॉलोनी का नाम खुशी नगर घोषित किया गया। इस अवसर पर पूरी कॉलोनी को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शाम 7 बजे से आयोजित विशाल स्नेह भोज (भोजन प्रसादी) में बड़ी संख्या में शहरवासियों और इष्ट-मित्रों ने सहभागिता की। समिति ने व्यक्त किया आभार कार्यक्रम को सफल बनाने में खुशी नगर समिति के अध्यक्ष विजय पटेल (सुदद्दू मेया), उपाध्यक्ष मोहन सिंह धुर्वे, सचिव ओमप्रकाश गुप्ता और कोषाध्यक्ष कैप्टन सिंह सहित समस्त कॉलोनी वासियों का सराहनीय योगदान रहा। समिति के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलोनी को एक आदर्श और सुंदर बस्ती के रूप में विकसित करना उनका मुख्य लक्ष्य है।



# श्रीमद् भागवत महापुराण में श्री कृष्ण बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

**नवभारत,गोटेगांव।** समीप ग्राम श्रीनगर में कुशवाहा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास पंडित सुमेश तिवारी ने पूतना वध, माखन चोरी और कालिया नाग मर्दन की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान ने नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए यमुना शुद्धिकरण का संदेश दिया था, जिसे आज हमें अपनाने की आवश्यकता है। कथा के मुख्य प्रसंग में भगवान द्वारा कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र का मान-मर्दन करने की कथा पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कलाकारों द्वारा माखन चोरी और मटकी फोड़ की जीवंत झांकियों ने पंडाल को गोकुल के आनंद से भर दिया।

## एक नजर में

### 222 गांवों में 10 ग्राम सेवक, एक के पास 30 गांवों के प्रभार

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां शासन द्वारा किसानों की समस्यायों के निराकरण की दिशा में काफी संवेदनशील बनीं हुई है। वहीं तरह तरह की योजनाओं के माध्यम से किसानी को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में प्रयास जारी है। लेकिन दूसरी तरफ चांवरपाठा विकास खंड के यह हालात बनें हुए हैं कि संपूर्ण विकास खंड के अंतर्गत आने वाले 222 गांवों के लिए जहां 18 ग्राम सेवकों की जरुरत है वहां मात्र 10 ही ग्राम सेवक है। इनमें से कुछ ग्राम सेवक रिटायर हो गये हैं ।तो कुछ स्थानांतरण हो कर चले गए हैं। इनमें एक वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी और एक बाबू ही तैनात है। जबकि कार्यालय में भृत्य तक नहीं है। स्तिथि यह बनीं हुई है कि स्वयं बाबू को आकर झाड़ू लगाना पड़ता है। अब तो यह स्थिति बनी हुई है कि हाल ही में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी की भी शासकीय सेवायें पूर्ण हो जाने के चलते अब यह पद भी रिक्त हो गया है ।उनके बाद एक अधिकारी और कम हो गया है ।ऐसी स्थिति में ग्राम सेवक प्रत्येक गांव में नहीं पहुंच पाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने मांग की है कि शीघ्र ही उनके गांवों में ग्राम सेवकों की व्यवस्था की जाये। सबसे बड़ी विडम्बना यहां पर यह बनीं हुई है कि तहसील मुख्यालय पर कृषि विभाग का एक भी कार्यालय नहीं है।


### क्लिनिकल आउटरीच टीम- सीओटी के माध्यम से फरवरी माह में लगेंगे नसबंदी शिविर

**नवभारत,नरसिंहपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि क्लिनिकल आउटरीच टीम- सीओटी के माध्यम से जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत नसबंदी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह नसबंदी शिविर 20 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सालीचौका एवं 13 व 27 फरवरी को सिविल अस्पताल गाडरवारा में, 19 व 22 फरवरी को सिविल अस्पताल गाडरवारा में एवं 12, 17 व 26 फरवरी को सीएचसी सांईखे ?ा में, 21 फरवरी को जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेंदूखे ?ा में, 14 फरवरी को सिविल अस्पताल गाडरवारा में, 10 व 28 फरवरी को सीएचसी रौंसरा और 14, 21, 24 व 28 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव में लगाए जाएंगे।

### वृद्धा पर झपट्टा मारकर पर्स लूटा

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत लाल चौक में बाइक सवार लुटेरों ने एक वृद्धा पर झपट्टा मारकर उसका पर्स लूट लिया और फरार हो गए ।लूटे गए पर्स में नगदी, मोबाइल, चाबि यां रखी हुई थी। पुलिस के मुताबिक उमेश भाटिया 50 साल निवासी रतन कालोनी नर्मदा रोड गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी फर्नीचर की दुकान गोरखपुर गुरुद्वारा के पास है शनिवार सुबह माँ श्रीमती रतना भाटिया 72 वर्ष योगा के लिये भंवरताल गार्डन गयी थी जो योगा पश्चात भंवरताल गार्डन से पैदल घर लौट रही थी कि लगभग 08.10 बजे भंडारी अस्पताल से बारे लाल चौक के बीच दो अज्ञात लडके जो मोटर सायकिल पर सवार थे ।

### विशालचंद्र गुप्ता का निधन



**नवभारत,गाडरवारा।** बीते दिवस रविवार को सुनील गुप्ता के पिता विशालचंद्र गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गाडरवारा मुक्तिधाम में किया गया। मुक्तिधाम में उन्हें सभी वर्गो के लोगों ने उपस्थित होकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और परमपिता परमात्मा से प्रार्थना कि आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## 10 तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के कामथ वार्ड में स्थित साहू मोहल्ला स्टेडियम के स्थित आगामी दिनांक 8 से 16 फरवरी तक श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, 9 दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य प्रसूनजी प्रतिदिन दोपहर 3ः00 बजे से भगवान शिव की महिमा भक्ति और जीवन दर्शन पर दिव्या प्रवचन देकर श्रद्धालुओं को महापुराण के माध्यम से देंगे आयोजन को लेकर समूचे नगर में भारी उत्साह व्याप्त है और आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है आयोजन समिति ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ उठाने की अपील की है कथा का समापन 16 फरवरी को महा भंडारा प्रसादी वितरण के साथ किया जावेगा समस्त श्रद्धालु बंधु पहुंचकर शिव महापुराण सुनकर धर्म लाभ उठावे।



# यूनिवर्सल विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण जांच शिविर आयोजित

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस छात्र-छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य और संरक्षण के उद्देश्य से शनिवार को यूनिवर्सल स्कूल परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विद्यार्थियों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डा. एस.एस. धुर्वे ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर संस्था के संचालक अरविंद पटेल और प्राचार्या शिल्पा पाठक ने समस्त अतिथियों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं की सामान्य जांच के साथ नेत्र परीक्षण, ब्लड ग्रुप और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षकों को क्षय रोग (टीबी) के लक्षण व बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संस्था संचालक अरविंद पटेल ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को स्वस्थ जीवन की नींव बताया। प्राचार्या शिल्पा पाठक ने स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का संदेश देते हुए।

# नरसिंहपुर पुलिस की मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही

**नवभारत,गाडरवारा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा जिले में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाया जा रहा है। दिनांक 08/02/2026 की सुबह थाना गाडरवारा की पुलिस टीम द्वारा अंतर्गत बायपास रोड जमाड़ा वेयरहाउस के पास गाडरवारा में संदेह के आधार पर मोटरसाईकल सवार संदेही की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 75,000 रूपये कीमती 05 किलोग्राम गाँजा जप्त किया गया है ।



नाम आरोपी मुकुल शर्मा पिता छोटेलाल शर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम करैया थाना देवरी जिला रायसेन जप्ती आरोपी के कब्जे से 05 किलोग्राम गाँजा,घटना में प्रयुक्त एच.एफ. डीलक्स मोटरसाईकल कंपनी का मोबाईल एवं नगदी सहित कुल करीबन 1.5 लाख कीमत के जप्त किये गये है। वैधानिक कार्यवाही आरोपी मुकुल शर्मा से अवैध मादक पदार्थ गाँजा के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ पर उसके द्वारा अपने साथी के द्वारा देना बताया ।दोनों आरोपीगण के विरूद्ध धारा 8,20(b),29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपी मुकुल शर्मा को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।कार्यवाही में सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी. गाडरवारा एल.एस. डागुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बालकृष्ण रघुवंशी, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, दीपक राजपूत, अखिलेश पटैल, करन सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# कालोनाइजरों की मनमानी पर नहीं लग पा रहा विराम

## व्यवस्था नहीं बन पाने के कारण कालौनीवासी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है





**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सर्वसुविधायुक्त कालौनी बनाने का झांसा देकर आवासीय भूखण्ड विक्रय किए गए और जरुरत मंदों द्वारा अपने अपने आलीशान मकान भी बना लिए लेकिन इन रहवासियों को आज तक ना तो पीने का पानी सड़क बिजली और निस्तार के पानी निकासी की कोई उचित व्यवस्था ना बन पाने के कारण कालौनी वासी अपने आप को ठगा सा महसूस करने और परेशान देखे जाते हैं। ऐसे मामलें आये दिन सामने आते रहते हैं। जब परेशान उपभोक्ता अपनी परेशानियों को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगाते हुए देखे सुने जाते हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के वार्ड क्रमांक 06 के अंतर्गत शारदा नगर के नाम से पूर्व में काटी गई कालौनी में देखने को मिला। जहां आज तक कालोनाइजर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पाये जिसे लेकर बड़ी संख्या में पीड़ित वर्ग ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से लेकर कलेक्टर तक अपनी समस्याओं को उजागर करते हुए लिखित शिकायतें भी दर्ज कराई गई है। पीड़ित वर्ग ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि बरसात के दिनों में उन्हें आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कीचड़ ही कीचड़ बनीं रहती है।

### उचित कार्यवाही की मांग

निस्तार का गंदे पानी के जहां तहां डबरा भरे होने के कारण गंदगी पूर्ण माहौल और मच्छरों को पनपने से विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों को अपने पैर पसारने का खतरा बना रहता है। यहां पर पीने के पानी की भी कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। रहवासियों ने अपने अपने स्तर से हेंडपंप तो खनन करवा लिये है यहां पर जमीनी जल स्तर पर्याप्त ना होने के कारण गर्मी के दिनों में परेशानी हुआ करती है। यहां तक कि इस कालौनी का नक्शा पास ना होने से एन ओ सी पाने के लिए लोग भटक रहे हैं रहवासी शिकायतकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि शीघ्र ही इस दिशा में निष्पक्ष जांच कराते हुए उचित एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाये।




# विशाल हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**नवभारत,गोटेगांव।** समीपवर्ती लाठगांव मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम लाठगांव स्थित विशाल हिंदू सम्मेलन का गरिमामय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में लाठगांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बालक, युवा, बुजुर्ग और विशेषकर मातृशक्ति ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं और विचारकों ने देश व समाज के अतीत, वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन का मुख्य केंद्र बिंदु सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करना और प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रभाव को सुदृढ़ करना रहा। पूरे आयोजन के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सार्थक चर्चा किया गया, जिसमें सहभागी युवाओं और ग्रामीणों ने इसे समाज को नई दिशा देने वाला एक प्रेरणादायक प्रयास बताया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से भारत माता की आरती की और उसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस विशाल समागम ने न केवल क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक को प्रदर्शित किया।